कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग, महराजगंज।

पत्रांक 3034 /2–13 (शिविर), दिनांक : महराजगंज, ~~अक्टूबर~~ नवम्बर 05 /2020

सेवा में

मुख्य वन संरक्षक,
वन्य जीव (पूर्वी) गोण्डा।

विषय :– जनपद महराजगंज के सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग, महराजगंज के अन्तर्गत कैम्पियरगंज शाखा नहर निर्माण (किमी0 51.00 से 62.106) हेतु ग्राम कोल्हुआ उर्फ सिंधोरवा में 02 हे0 आरक्षित वनभूमि तथा ग्राम लालपुर कल्यानपुर में प्रभावित होने वाली 0.2 हे0 आरक्षित वन भूमि अर्थात कुल 0.4 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 40 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ कार्यालय का पत्र संख्या 921/11–सी–**FP/UP/Canal/44512/2020**, लखनऊ दिनॉक 19 अक्टूबर–2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित के कम में निवेदन के साथ अवगत कराना है, कि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ महोदय द्वारा विषयगत प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त ऑनलाइन व हार्डकापी में कमियों/अभिलेखों का आभाव पाया गया। जिसे संदर्भित पत्र द्वारा संशोधित किये जाने हेतु बिन्दु संख्या–01 से बिन्दु संख्या–20 तक कमियॉ वर्णित की गयी है।

अतः बिन्दु संख्या–01 से 20 तक की कमियों निस्तारण कर पुनः संशोधित प्रस्ताव आपकी सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

(पुष्प कुमार के0)
प्रभागीय वनाधिकारी
सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग,
महराजगंज।

पत्रांक /अ–दिनॉकित

प्रतिलिपि– अधिशाषी अभियन्ता, राप्ती नहर निर्माण खण्ड, तुलसीपुर, बलरामपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

(पुष्प कुमार के0)
प्रभागीय वनाधिकारी
सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग,
महराजगंज।